<u>अनुबंध-1</u>

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय(डीजीएचएस) के कार्य एवं कर्तव्य

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय(डीजीएचएस) जन स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल संबंधी तकनीकी ज्ञान का एक कोष है। यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय का एक संबद्ध संगठन है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अध्यक्ष स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक हैं, जो केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा के एक अधिकारी हैं, जो स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य के सभी मामलों में तकनीकी परामर्श प्रदान करते हैं। यह निदेशालय अपने क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यालयों के माध्यम से विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के स्वास्थ्य निदेशालयों के साथ समन्वय करता है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के कामकाज और उनके प्रबंधन की देख-रेख करता है । यह देश-भर में फैले अपने अधीनस्थ कार्यालयों/संस्थानों के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का समाधान भी करता है ।